महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज

सतीकुण्ड, कनखल हरिद्वार

नैक द्वारा 'बी' श्रेणी प्रदत्त

Prospectus/प्रोस्पेक्टस

2018-19

Contact No. : 01334-245547, 9411120790

website: www.mvdcollege.com

E-mail : mvdegreecollege@gmail.com

fb Id: Mahila Vidyalay Degree College

Principal	*President*	*Secretary*
Dr. (Mrs.) Shashi Prabha	*Mr. Satpal Suri*	*Dr. Veena Shastri*

संस्था के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक



महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज

सतीकुण्ड कनखल, हरिद्वार

के

संस्थापक दम्पत्ति

श्रद्धेय श्री मूलचन्द शास्त्री जी (1908-1996)

एवं

श्रीमती शकुन्तला शास्त्री जी (1912-1979)

महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज

महिला विद्यालय के सम्बन्ध में दो शब्द

सन् 1937 में आर्य समाज के सिद्धान्तों से ओत-प्रोत श्री मूलचन्द शास्त्री एवं श्रीमती शकुन्तला शास्त्री ने स्त्री शिक्षा के इस केन्द्र की स्थापना की। शादी के बाद प्रत्येक स्त्री का सपना होता है कि वह मायके तथा ससुराल पक्ष से मिले सोने के जेवरातों को संजोकर रखे तथा विशेष मौकों पर उन्हें धारण करे। परन्तु इन विचारों के विपरीत श्रीमती शकुन्तला शास्त्री ने अपने कीमती जेवरातों को स्त्री शिक्षा के कार्य में लगाकर समाज परिवर्तन का बीड़ा उठाने का संकल्प लेकर इस संस्था की स्थापना की।

आर्य समाज की छत्र-छाया में श्री मूलचन्द शास्त्री और उनकी सहधर्मिनी श्रीमती शकुन्तला शास्त्री के परिवारों ने जाति बन्धनों को तोड़ते हुए इनका विवाह किया। स्त्री शिक्षा के संकल्प को पूरा करने का बीजारोपण शास्त्री दम्पत्ति ने सन् 1937 में कनखल से सटे जगजीतपुर ग्राम में महिला विद्यालय की स्थापना की। इस विद्यालय की स्थापना हरिद्वार में एक चौंकाने वाली घटना थी। श्रीमती शकुन्तला शास्त्री तथा श्री मूलचन्द शास्त्री उस वक्त गाँव-गाँव जाकर लड़कियों की शिक्षा के लिये जागृति उत्पन्न कर रहे थे जब लड़कियों को शिक्षा देने की बात कोई सोच भी नहीं सकता था। उन्होंने इस कठिन कार्य को करने के लिए भीष्म प्रतिज्ञा की थी जिसे उन्होंने महिला विद्यालय की स्थापना कर पूरा किया।

सन् 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध के साथ अंग्रेजी राज ने भारत छोड़ने की इच्छा जाहिर की थी। परिणाम स्वरूप अंग्रेजी शिक्षा के मार्ग, इस राष्ट्रीय भावना प्रधान संस्था ने छात्राओं के लिए खोल दिये।

महिला विद्यालय की स्थापना 11 अक्टूबर 1937 में की गयी थी। प्रारम्भ में यह विद्यालय ओरिएन्टल (प्राच्य) शिक्षा का केन्द्र बना। सन् 1945 में हाईस्कूल, सन् 1949 में इंटरमीडिएट और सन् 1966 में डिग्री कॉलेज के रूप में परिवर्तित हो गया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, बैंगलोर द्वारा मार्च 2017 में महाविद्यालय का मूल्यांकन कर 'बी' श्रेणी दिया गया।

डॉ० वीणा शास्त्री
एम.ए., पी-एच.डी.
(सचिव)

MAHILA VIDYALAYA DEGREE COLLEGE

VISION

- Empowering women by providing Higher Education in Developing selfesteem. Buiding of quality and strength.
- Building up their cofidence and empowering them to take rightful decision while remaining rooted to the ancient indian culture and traditions.
- To Help girls from rural areas and disadvantaged groups such as SC/ST/OBC and minority, so that they can improve their performance in studies and get the rightful place in the sociely.
- उच्च शिक्षा के द्वारा महिलाओं में आत्मसम्मान, गुणवत्ता एवं आत्म-शक्ति की वृद्धि करना।
- भारतीय परम्पराओं एवं संस्कृति से जुड़े रहकर आत्मविश्वास तथा निर्णयात्मक क्षमता का विकास करना।
- ग्रामीण क्षेत्र के वंचित वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग की मदद करना जिससे उनका शैक्षिक निष्पादन बेहतर हो सके एवं समाज में यथायोग्य स्थान प्राप्त कर सके।

MISSION

To Motivale Girls Students For Financial and Emotional Independence.

छात्राओं को आर्थिक व भावनात्मक रुप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित करना।

प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देश: (Important Instruction for Admission)

- आवेदन पत्र भरने से पहले एवं विषयों का चयन करते समय अभ्यर्थी, प्रवेश नियमों को अच्छी तरह पढ़ लें।
- बी0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को मान्य परीक्षा में क्रमशः 40 प्रतिशत अंकों सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश में 5 प्रतिशत अंकों की छूट होगी।
- प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी0सी0) तथा चरित्र प्रमाण (सी0सी0) पत्र मूल रूप में संलग्न किया जाना आवश्यक है।
- प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को स्वयं मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रवेश आवेदन पत्र के साथ अंक तालिकाओं तथा खेल एवं अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपियां लगायी जानी आवश्यक है।
- प्रवेश आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी का नवीनतम श्याम-श्वेत अथवा रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ को उचित स्थान पर चिपकाना आवश्यक है।
- निर्धारित तिथि के पूर्व प्रवेश आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर दें। उसके पश्चात् किसी प्रवेश आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- एक बार प्रवेश मिलने के पश्चात विषय परिवर्तन नहीं होगा।
- प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र को वार्षिक शुल्क छः माह का शिक्षण शुल्क तथा परीक्षा शुल्क आदि जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात निर्धारित अवधि में परीक्षा फार्म भरकर कार्यालय जमा करना होगा। अन्यथा प्रवेश नहीं किया जायेगा।
- महाविद्यालय को बिना कोई कारण दिये प्रवेश न देने/निरस्त करने का अधिकार होगा।
- अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
- अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग आदि आरक्षित श्रेणी से आच्छादित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र पर उपजिलाधिकारी/जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
- युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों पुत्री/पत्नी/बहिन को यदि वे अर्ह हों तो स्नातक स्तर पर सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।
- छात्र संघ चुनाव में पा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश संख्या S.L.P. (Civil) No 24295/2004/ दिनांक 24.6.2004 जो आपर महा सॉलिटर भारत सरकार के पत्र संख्या 4240 दिनांक 23.10.2006 द्वारा अधिसूचित एवं उच्च शिक्षा सचिव उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्गत आदेश संख्या 184/xxxiv (6)/2007-3 (168)2001 दिनांक 27.2.2007 से प्रेषित व्यवस्थाओं को विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों, संस्थानों एवं स्ववित्त पोषित संस्थाओं पर लागू करने के संबंध में प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 24.4.2007 द्वारा निर्धारित नियमों के आधार पर सम्पन्न होंगे।
- निर्धारित नियमानुसार सक्षम अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों के सत्यापित प्रमाण पत्रों पर ही प्रवेश समिति द्वारा विचार किया जायेगा।

● आवेदन पत्र विषयक निर्देश

1. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिये इंटरमीडिएट या समकक्षीय परीक्षा में विश्वविद्यालय नियमानुसार 40 प्रतिशत अंक आवश्यक है।
2. आवेदक स्वयं आवेदन-पत्र जमा करें तथा कार्यालय से प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त करें।
3. चरित्र प्रमाण-पत्र संस्थागत परीक्षार्थी पूर्व संस्था के प्रधानाचार्य का तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थी किसी राजपत्रित अधिकारी, लोकसभा/विधानसभा/विधान परिषद् के सदस्य अथवा किसी महाविद्यालय के प्राचार्य/नियन्ता का प्रमाण-पत्र संलग्न करें।
4. प्रवेश के पूर्व ही स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) जमा करना आवश्यक है। किसी अन्य विश्वविद्यालय के छात्र को एक माह के अन्दर प्रवजन प्रमाण-पत्र (माइग्रेशन) जमा करा देना चाहिए अन्यथा अस्थाई प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
5. जिन छात्राओं की गतिविधियाँ अनुशासन मंडल/ प्रशासन की राय में अवांछनीय हैं, उन्हें प्रवेश लेने से रोका जा सकता है/निकाला जा सकता है/ प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
6. अनुचित साधन के अन्तर्गत दण्डित छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

● उपस्थिति नियम-

शासनादेश संख्या 528 (1)15- (उ.शि.) 71/97 दिनांक 11 जून 1997 के अनुसार कोई भी छात्रा विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मलित होने की अनुमति तब तक प्राप्त नहीं कर सकेगी जब तक वह व्याख्यान और ट्यूटोरियल कक्षाओं में पृथक्-पृथक् 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी नहीं करती अन्य विषयों में प्रयोगात्मक कार्य की अवधि में 75 प्रतिशत उपस्थिति अपेक्षित होगी।

शासकीय सहायता प्राप्त विषय स्नातक स्तर पर- स्वीकृत सीटों की संख्या

- हिन्दी 120
- अंग्रेजी 60
- संस्कृत 60
- राजनीति विज्ञान 180
- अर्थशास्त्र 120
- संगीत 60
- गृह विज्ञान (स्ववित्त पोषित पाठयक्रम) 120

Semester System and Choice Based Credit System (CBCS) with semester for under Graduate Students

1. For B.A. Programme

The Following scheme will be implemented for B.A. Students :

Sem.	Core Compulsory (CC)	Ability Enhancement Compulsory Course (AECC)	Skill Enhancement Elective Course (SEC)	Discipline Specific Core Course (DSCC)	Generic Elective (GE)
I	English Language-I	Environmental Science (AECC-I)		Subject 1 Core Paper 1 Subject 2 Core Paper 1	
II	Hindi Language/ MIL-I	English/Hindi/MIL Communication (AECC-2)		Subject 1 Core Paper II Subject 2 Core Paper II	
III	English Language-II		Skill Based -I	Subject 1 Core Paper III Subject 2 Core Paper III	
IV	Hindi Language/ MIL-II		Skill Based -II	Subject 1 Core Paper IV Subject 2 Core Paper IV	
V			Skill Based -III	Subject 1 Core Paper V Subject 2 Core Paper V	GE-1 Paper I
VI			Skill Based -IV	Subject 1 Core Paper VI Subject 2 Core Paper VI	GE-2 Paper II

Academic Calendar 2018-19

1.	Sale of Admission From	Last Week of June
2.	Submission of Admission From	12th to 17 Th July
3.	Commencement of Academic Session	3rd Week of July
4.	Student -Principal Oriemation	1st Week of August
5.	Celebration of Sanskrit Week	2nd Week of August
6.	Students Union Election	Last Week of August
7.	Parent -teacher Meet	1st Week September
8.	Teachers Day Celebration	5th September
9.	Docter,s Visit	2nd Week September
10.	Hindi Fortnight Celebration	1st-2nd Week September
11.	Nss One Day Camp (nss Foundation Day)	24th September
12.	Wildlife Week	1st- 8th October
13.	Nss One Day Camp (blood Donation Day)	1st Week of October
14.	Semester Internal Exam	As Mentioned In University Calendar
15.	College Foundation Day	5th Nov
16.	Nss One Day Camp (utrakhand Foudation Day)	9th Nov
17.	Nss Day/night	7th Day Camp 1st Week Of Nov
18.	Constitution Day Celebration	26th Nov
19.	Parents-teacher Meet	Last Week of Nov
20.	Nss One Day Camp (world Aids Day)	1st December
21.	Alumni Meet	1st Week of December
22.	Nss One Day Camp (sparsh Ganga Day)	17th December
23.	Semester External Exam	As Mentioned In University Calendar
24.	Nss One Day Camp (national Youth Day)	12th January
25.	Sport Week	2nd - 3rd Week February
26	Student Union Cultural Function	Last Week of February
27	Departmental Seminars	1st Week of March
28	Women's Day Celebration	8th March
29.	Semester Internal Exam	As Mentioned In University Calendar
30.	Earth Day	22nd April
31.	Parents -teacher Meeting	Last Week of April
32.	Semester External Exam	As Mentioned In H.N.B.G. University Calendar
33.	Winter Break Summer Break And And Other Holidays	

• विशेष

अनुशासन

1. महाविद्यालय में अनियमित अनुपस्थिति होने पर तथा शैक्षणिक गतिविधियों के लिए लापरवाही करने पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
2. शिक्षकों तथा महाविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्देशों का पालन न करने पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
3. महाविद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्राओं के लिए निर्धारित पोशाक पहनकर आना अनिवार्य है।
4. महाविद्यालय प्रांगण में मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।
5. महाविद्यालय परिसर में किसी भी छात्रा द्वारा रैगिंग करते पाये जाने पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
6. प्रत्येक छात्रा को परिचय-पत्र बनवाना तथा प्रतिदिन विद्यालय लाना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय सेवा योजना

स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयाँ ग्रामीण अंचल एवं मलिन बस्ती के विकास के लिए सतत् कार्यरत है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाता है।

1. विशेष शिविर का आयोजन करना,
2. परिसर की सफाई इत्यादि को बनाए रखने में सहयोग करना,
3. सामुदायिक सम्पर्क करना,
4. एड्स तथा पर्यावरण सम्बन्धी जानकारी से निकटवर्ती ग्रामीणों को अवगत करना,
5. प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में सहयोग करना,
6. ग्रामीण विकास कार्यक्रम में सहयोग करना,
7. परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में सहयोग करना,
8. राष्ट्रीय सेवा योजना- ''बी'' एवं ''सी'' प्रमाण-पत्र परीक्षा।

कैण्टीन

कॉलेज परिसर में छात्राओं एवं सभी कर्मचरियों के लिए कैण्टीन की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ उचित मूल्य पर ताजा एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य-सामग्री उपलब्ध है। स्वास्थ्य -एवं स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है

पेय-जल

महाविद्यालय परिसर में सभी छात्राओं एवं स्टाफ के लिए शुद्ध पेय-जल की व्यवस्था है। समय-समय पर इसकी सफाई एवं रख-रखाव का पूर्ण ध्यान रखा जाता है !

कॉलेज पत्रिका

छात्रा-छात्राओं की सर्जनात्मक प्रतिभा को उनके अध्ययन के साथ सर्वांगीण विकास की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा वार्षिक कॉलेज-पत्रिका का संपादन किया जाता है। इसका उद्देश्य महाविद्यालय परिवेश में साहित्यिक चेतना को विकसित एवं सुप्त प्रतिभाओं को जागृत करना है। कॉलेज -पत्रिका 'मुखर-वीणा' का वार्षिक प्रकाशन छात्राओं के इसी हित के पोषण में किया जाता है

पुस्तकालय

छात्राओं को समुचित ज्ञानार्जन के लिए महाविद्यालय समृद्ध पुस्तकालय की सुविधा प्रदान करता है। इसमें सभी विषयों की लगभग 17 हजार पुस्तकें हैं। सभी नियमित छात्राएँ पुस्तकें प्राप्त करने की अधिकारिणी होंगी। पुस्तकालय में प्रवेश के लिए परिचय-पत्र दिखाना आवश्यक है। सामान्यत: पुस्तकालय से 15 दिन के लिए पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। देर से पुस्तकें लौटाने पर प्रतिदिन 2/- रुपये विलंब शुल्क देय होगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के 1 दिन पूर्व तक पुस्तकालय की सभी पुस्तकें आवश्यक रूप से लौटानी होंगी अन्यथा प्रवेश पत्र रोक दिया जाएगा।

वाचनालय

पुस्तकालय बहुत सी सप-सामयिक पत्रिकाएँ व दैनिक पत्रों को मँगाता है, ताकि छात्राएँ अपने ज्ञान को अद्यतन रख सकें। आज प्रतियोगिता के युग में छात्राओं में शैक्षिक दक्षता आवश्यक है। इन पत्र-पत्रिकाओं को वाचनालय में ही पढ़ा जा सकता है, ये घर के लिए नहीं दिए जाते।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ

महाविद्यालय के प्रांगण में संस्थागत छात्राओं के लिए आवश्यकतानुसार प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अधिक आवश्यकता पड़ने पर संजीवनी अस्पताल के विशेषज्ञों से परामर्श की भी व्यवस्था है। संजीवनी अस्पताल महिला विद्यालय के साथ चिकित्सकीय परामर्श के लिए अनुबंधित है।

छात्रा-कल्याण परिषद्

पाठ्येतर गतिविधियों के संचालन के लिए और उनकी महाविद्यालय प्रांगण में सामान्य समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिवर्ष एक छात्रा-कल्याण परिषद का चयन एवं गठन किया जाता है। छात्रा-कल्याण समिति के तत्वाधान में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं एवं विचार-गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाता है। यह परिषद् महाविद्यालय एवं प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करती है। स्वस्थ नेतृत्व एवं कार्यकुशलता का विकास इस परिषद के गठन का उद्देश्य है।

खेलकूद

महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे विद्यार्थी अपने शारीरिक क्षमता एवं खेलकूद सम्बन्धी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। महाविद्यालय में एथलेटिक्स, योग, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम आदि खेलों की व्यवस्था है एवं प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय में खेलों में भाग लेने के लिए महाविद्यालय की टीम भेजी जाती है।

महाविद्यालय की कार्य-समितियों का दायित्व (वर्ष 2018-19)

1.	प्रवेश एवं एण्टी रैगिंग समिति	1. डा0 गीता जोशी 2. श्रीमती यासमीन अमीर 3. श्री दल सिंह
2.	छात्र कल्याण समिति	1. डा0 गीता जोशी 2. श्रीमती यासमीन अमीर 3. डा0 सुमन चावला 4. श्रीमती शिखा गुप्ता
3.	अनुशासन समिति	1. डा0 राखी सिंह 2. डा0 निभा राठी 3. श्रीमती अनुराधा शर्मा 4. सुश्री कल्पना
4.	पत्रिका समिति	1. डा0 एम.डी. भास्कर 2. डा0 प्रेरणा पाण्डेय 3. डा0 सुमन चावला 4. श्रीमती रोहिणी यादव
5.	पूर्व छात्रा समिति	1. डा0 राखी सिंह 2. डा0 निभा राठी 3. सुश्री कल्पना 4. श्रीमती शिखा गुप्ता
6.	परीक्षा नियंत्रण समिति	1. डा0 राखी सिंह 2. डा0 निभा राठी 3. श्री दल सिंह
7.	खेलकूद समिति	1. डा0 प्रेरणा पाण्डेय 2. डा0 राखी सिंह 3. डा0 निभा राठी 4. श्रीमती रोहिणी यादव 5. श्रीमती शिखा गुप्ता
8.	फीडबैक एवं शिकायत समिति	1. डा0 राखी सिंह

2. डा0 निभा राठी
3. श्रीमती अनुराधा शर्मा

9. **छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक समिति**
1. डा0 एम0डी0 भास्कर
2. श्रीमती यासमीन अमीर
3. श्री दल सिंह

10. **वित्त एवं लेखांकन समिति**
1. श्रीमती यासमीन अमीर
2. डा0 प्रीति आत्रेय
3. श्री दल सिंह

11. **सूचना अधिकार समिति**
1. डा0 एम0डी0 भास्कर
2. श्री दल सिंह

12. **चिकित्सा समिति**
1. डा0 प्रेरणा पाण्डेय
2. श्रीमती अनुराधा चौधरी
3. श्रीमती अनुराधा शर्मा

13. **पुस्तकालय समिति**
1. डा0 गीता जोशी
2. डा0 एम0डी0 भास्कर
3. श्रीमती अनुराधा चौधरी

14. **जनसम्पर्क एवं शिक्षक अभिभावक समिति**
1. डा0 राखी सिंह
2. डा0 निभा राठी
3. सुश्री कल्पना
4. श्रीमती अनुराधा चौधरी

15. **महिला प्रकोष्ठ समिति**
1. डा0 प्रेरणा पाण्डेय
2. डा0 राखी सिंह
3. डा0 निभा राठी

16. **AISHE समिति**
1. डा0 प्रीति आत्रेय
2. डा0 प्रेरणा पाण्डेय

प्रबन्धक

डॉ० वीणा शास्त्री

प्राचार्या

डॉ० शशिप्रभा

(एम०ए०, राजनीति शास्त्र, एम.फिल., पी०एच०डी०)

प्राध्यापिकाओं की सूची: 2018-19

राजनीति शास्त्र:

1. डॉ० राखी सिंह (एम०ए०, नेट, पी०एच०डी०)
2. डॉ० निभा राठी (एम०ए०, नेट, पी०एच०डी०)
3. सुश्री कल्पना पहिवाल (एम०ए०, राजनीति शास्त्र)

अर्थशास्त्र:

1. सुश्री यास्मीन अमीर (एम०ए०, एम०फिल०)
2. डॉ० प्रीति आत्रेय (एम०ए०, नेट, पी०एच०डी०)

हिन्दी:

1. डॉ० एम०डी० भास्कर (एम०ए० संस्कृत, हिन्दी) जे.आर.एफ., पी०एच०डी०, बी०एड०
2. डॉ० प्रेरणा पाण्डेय (एम०ए० मनोविज्ञान, हिन्दी) नेट, पी०एच०डी०

संस्कृत:

1. डॉ० सुमन चावला (एम०ए०, पी०एच०डी०)

संगीत:

1. डॉ० गीता जोशी (एम०ए०, पी०एच०डी०)
2. श्री प्रदीप महाराज (तबलावादक, प्रभाकर संगीत)

अंग्रेजी:

1. श्रीमती रोहिणी यादव (एम०ए०, बी०एड०)
2. श्रीमती स्वाति चौहान (एम०ए०)

गृह विज्ञान:

1. श्रीमती एकता अरोड़ा (एम०ए० गृह विज्ञान, आहार एवं पोषण विज्ञान)
2. सुश्री एकता शर्मा (एम०ए० गृह विज्ञान, आहार एवं पोषण विज्ञान)
3. सुश्री योजना सिंह (एम०एस०सी० आहार एवं पोषण विज्ञान, पी०जी० डिप्लोमा, पोषण एवं आहार, डिप्लोमा पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा)

शिक्षणेतर स्टाफ 2018-19

कार्यालय:

1. श्री दल सिंह (कार्यालयाध्यक्ष)
2. श्रीमती शिखा गुप्ता (कार्यालय लिपिक)
3. श्री अंकित गोयल (परिचर)
4. श्री श्रीकांत (परिचर)
5. श्री शुभम् (परिचर)

उपनल कर्मचारी 2013 से अब तक

1. श्री विनीत कुमार (पुस्तकालय परिचर)

3 जून 2015

1. श्रीमती सीपा (परिचारिका)
2. श्री बिजेन्द्र सिंह (माली)

पुस्तकालय विभाग

1. श्रीमती अनुराधा शर्मा पुस्तकालय इंचार्ज) एम0ए0, एम0लिब0
2. श्रीमती अनुराधा चौधरी (पुस्तकालय लिपिक)
3. श्रीमती मोतिया (पुस्तकालय परिचर) बी0ए0

महत्वपूर्ण

- यद्यपि कॉलेज विवरणिका के प्रकाशन में यथा संभव हर सावधानी का ध्यान रखा गया है, तथापि कोई त्रुटि दृष्टिगत होती है तो उसका संज्ञान एवं निवारण कॉलेज कार्यालय से संपर्क कर के किया जा सकता है।
- आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी संबंधित सर्टिफिकेट अनिवार्यत: आवेदन-पत्र के साथ ही संलग्न करें, अन्यथा वे लाभ से वंचित रह जाएँगे। आवेदन पत्र जमा होने के बाद ऐसे प्रकरण विचारणीय नही होंगे।
- अभ्यथी निश्चित रूप से उस तिथि पर शुल्क जमा करा दें जो महाविद्यालय द्वारा तय की गई हों, अन्यथा वे प्रवेश से वंचित रहेंगे।
- महाविद्यालय की समस्त सूचनाएँ कॉलेज की वेब साइट www.mvdcollege.com पर देखी जा सकती है।

NAAC Peer Team Exit Meet